प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

संचार के माध्यमों को सुदृढ़ करने की आवश्यकता : कुलपति

पन्तनगर। 27 जुलाई, 2024। विश्वविद्यालय के संचार निदेशालय में हरेला पर्व के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा संचार निदेशालय के प्रांगण में सहजन पौध का वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल द्वारा कुलपति को संचार निदेशालय के वीडियो, फोटोग्राफी, सामुदायिक रेडियो एवं प्रकाशन निदेशालय में संचालित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराया गया। कुलपति द्वारा संचार निदेशालय की गतिविधियों का अवलोकन करने के पश्चात् उन्होंने संचार के माध्यमों को और सुदृढ़ बनाने तथा डिजिटल करने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिये गए। इस अवसर पर संचार निदेशालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

1. वृक्षारोपण करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।